प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। यह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें
https://dainikyashonnati.com

वर्ष 8+15 अंक 40 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी गुरूवार 01 जून 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार ..... | पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार | पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

परिवार परामर्श केन्द्र में 07 प्रकरण का हुआ निपटारा

सिवनी यशोः- छोटी-छोटी बातों में परिवार में इन दिनों विघटन बड़ी सं या में दिख रहा है। गरीब, सामान्य या आर्थिक रूप से अधिक संपन्न पढ़े-लिखे परिवार में भी यह स्थिति अधिक सं या में देखने को मिल रही है। बुधवार को परिवार परामर्श केंद्र में 15 प्रकरण रखे गए जिसमें से 7 प्रकरण में समझौता हुआ। 2 प्रकरणों में आपसी समझौता नहीं होने पर न्यायालय शरण दी गई परिवार परामर्श केंद्र में केंद्र प्रभारी ज्योति चौरसिया व काउंसलरओ में छिद्दि श्रीवास, सुश्री मीरा नामदेव, हेड कांस्टेबल गोपाल सिंह बघेल आदि उपस्थित थे। एक प्रकरण में आवेदक ने बताया कि उसकी शादी को अभी 5 महीने ही हुआ है और शादी के पहले दूसरे दिन से ही दहेज की मांग करने लगे। दोनों पक्षों को समझाया गया और समझ गये तथा हंसी खुशी घर गये द्ध

आयुष स्वास्थ्य शिविर 2 को निवास में

मंडला यशोः:- जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि शासकीय आयुर्वेद औषधालय परिसर निवास में 2 जून 2023 को आयुष मेला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के लिए अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है।

जिला स्तरीय सर्तकता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 2 को

मंडला यशोः:- सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक कले टर की अध्यक्षता में 2 जून 2023 को दोपहर 3:30 बजे जिला योजना भवन मंडला में आयोजित की गई है।

आयुष मेला एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित

मंडला यशोः:- निःशुल्क ब्लॉक स्तरीय आयुष मेले का शासकीय कन्या शाला परिसर मोहगांव में आयोजन किया गया। शिविर में औषधीय पौधों, मोटे अनाजों की भी प्रदर्शनी लगाई गई एवं लोगों को अनाजों का महत्व तथा औषधि पौधों के बारे में बताया गया। साथ ही समुदाय को वृक्षारोपण हेतु प्रेरित किया गया। शिविर के आयोजन में नोडल अधिकारी डॉ. आशीष कोठारिया, रिया आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी एवं डॉ. दिलीप झारिया हो योर्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल धुर्वे, डॉ. अंजली कार्तिकेय, डॉ. जितेंद्र शाह दीपक मंडलोई एवं स्टॉफ उपस्थित थे।

विकास के साथ जन-जन को जोड़ने वाली धर्म-संस्कृति को बढ़ावा देना सरकार का दायित्व - मुख्यमंत्री

भोपाल - मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज सलकनपुर में 211 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले विजयासन माता के भव्य देवीलोक का शिला-पूजन किया। उन्होंने कहा कि विकास के कार्यों के साथ जन-जन को जोड़ने वाली धर्म और संस्कृति को बढ़ावा देना भी सरकार का उत्तरदायित्व है।

सलकनपुर में देश भर के मठ, मंदिर, शक्तिपीठ, अखाड़ों के साधु, संत, महंत और पुजारियों की उपस्थिति में भव्य देवीलोक निर्माण के भूमि-पूजन में लगभग एक लाख श्रद्धालु साथी बने। प्रभारी मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, कृषि मंत्री श्री कमल पटेल सहित विधायक, मु यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह, पुत्र श्री कार्तिकेय सिंह चौहान भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

मु यमंत्री श्री चौहान ने अपार जन-समूह के साथ माँ की स्तुति भी की। उन्होंने कहा कि यह माता का आशीर्वाद ही है कि बहन-बेटियों को गलत नजर से देखने और उनके साथ गलत करने वालों को सरकार ने फाँसी देने का कानून बनाया है।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राज्य सरकार माता का भव्य देवीलोक उनके ही आशीर्वाद से बनवा रही है। माँ का ही आशीर्वाद है जो उनकी सरकार ने बहनों के स मान और छोटी-छोटी जरूरतों के लिए मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना बनाई। उन्होंने नारियों के स मान को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि नारी सशक्तिकरण और स मान के लिए लाड़ली लक्ष्मी और मु यमंत्री कन्या विवाह सहित अनेक योजनाएँ संचालित की हैं।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि माँ के मंदिर परिसर में 166 करोड़ रुपए से मंदिर संरचनाओं के साथ ही 64 योगिनी, नवदुर्गा के नौ स्वरूप की प्रतिकृति के साथ ही देवी महात्मा,दुर्गा सप्तशती और विभिन्न शक्तिपीठ की आकृतियों के निर्माण के साथ ही श्लोक उकेरे जायेंगे। मु यमंत्री ने देश के सभी शक्तिपीठ से आए जल और पवित्र मिट्टी का भी शिलाओं के साथ पूजन किया। यह सभी सामग्री देवीलोक के निर्माण में लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि मंदिर के नीचे श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिये 45 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य किये जायेंगे। मु यमंत्री ने माँ और साधु-संतों से प्रदेश की सुख-समृद्धि का आशीर्वाद लिया। सांसद विदिशा श्री रमाकांत भार्गव ने भी संबोधित किया।

इसके पहले मु यमंत्री श्री चौहान ने सलकनपुर में देवीलोक प्रदर्शनी और निर्माणाधीन महादेवी लोक के मॉडल का अवलोकन किया। उन्होंने मंच स्थल पर बनाई गई माता विजयासन मंदिर की प्रतिकृति के दर्शन किए। इस दौरान गाजे-बाजे के साथ निकाली गई माता की रथ यात्रा में भी मु यमंत्री शामिल हुए। मु यमंत्री ने सुसज्जित वाहन में सवार होकर लगभग एक लाख श्रद्धालुओं का स्वागत किया और कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप देने के लिए उनका आभार माना।

महोत्सव में हरियाणा से आए मशहूर भजन गायक कन्हैया मित्तल के भजनों ने समां बांधा। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आई ढोल, नगाड़े, ताशे, झांझ और डमरू वादक दलों ने वादन कार्यक्रम में चार चांद लगाए।

शिवराज सरकार की प्राथमिकता है विकास - ज्ञानचंद सनोडिया

13 सड़कों के डामरीकरण व सुदृढ़ीकरण पर सरकार का माना आभार

सिवनी यशोः - सिवनी नगरीय क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता है और इसके विकास लिये हम सभी के सामूहिक प्रयास निरंतर हो रहे है क्षेत्रीय सांसद डॉ.डालसिंह बिसेन एवं क्षेत्रीय विधायक दिनेश राय मुनमु के साथ यात्रा में भी मु यमंत्री शामिल हुए। मु यमंत्री ने सुसज्जित वाहन में सवार होकर लगभग एक लाख श्रद्धालुओं का स्वागत किया और कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप देने के लिए उनका आभार माना।

श्री सनोडिया ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकारे है जिनका मूल उद्देश्य देश और प्रदेश का सर्वांगीण विकास कर जनता को बेहतर सुविधाएँ देकर उनके चेहरे पर मुस्कान बिखेरना है । भारतीय जनता पार्टी की सरकार में चतुर्दिक विकास हो रहा है सिवनी नगर में भी विकास कार्य पूरी क्षमता के साथ किये जायेंगे। नगर की प्रमुख 13 सड़कों के डामरीकरण व सुदृढ़ीकरण का शुभारंभ सिवनी के विधायक दिनेश राय मुनमुन जी के द्वारा गत मंगलवार को किया गया। इन सड़को के निर्माण के साथ ही वर्षा पूर्व नाले नालियों एवं जल भराव वाले क्षेत्रों की सफाई एवं दुरूस्तीकरण का कार्य प्रारंभ है । इन सड़को के निर्माण से आमजनता को बड़ी राहत प्राप्त होगी । पार्षद दल के नेता ने नगर पालिका के जि मेदार अधिकारियों से कहा है कि सभी कार्यों की गुणवत्ता एवं उपयोगिता से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिये कार्यों की पूरी निगरानी की जाये शासन की राशि का उपयोग निर्धारित मापदंड के अनुरूप किया जाये संबंधित एजेंसी कोई लापरवाही न बरते इसके लिये गंभीरता से निगरानी की जाये ।

पार्षद दल के नेता श्री सनोडिया सहित भाजपा पार्षद श्री राजेश राजू यादव, विजय मिश्रा गोलू पंडित, रविशंकर भांगरे, श्रीमती अनुसुईया पटवा, संजय भलावी, श्रीमती मालती पांडे, सुश्री साक्षी डागोरिया, श्रीमती गोविंदी बाई, श्रीमती रामप्यारी बरमैया ने प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चोहान, नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेन्द्र सिंह, बालाघाट सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेने भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे एवं सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन को नगर में 13 सड़को के डामरीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिये शासन से प्राप्त हुई करोड़ो की धन राशि के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया है ।

कायाकल्प योजना के अंतर्गत बस स्टैंड में हुआ भूमि पूजन

महिला पार्षदो को मंच में नेताओं के पीछे मिली जगह

बरघाट यशोः- कायाकल्प योजना अंतर्गत सबका साथ सबका विकास सबका बरघाट की भावना से पुरानी नगर की धरोहर को कायाकल्प योजना अंतर्गत बरघाट के पुराने बस स्टैंड के सौंदर्यीकरण एवं सीमेंट्रीकरण का भूमि पूजन का किया गया, जिसमें मु य अतिथि के रूप में सांसद डॉ टर ढाल सिंह बिसेन, नगर परिषद अध्यक्ष इमरता साहू, विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष श्रीमती ममता अनिल पाठक एवं पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष व वार्ड पार्षद संख्या अनिल सिंह ठाकुर, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष आलोक दुबे मु य रूप से इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।

सांसद द्वारा पूर्व में बरघाट नगर

शेष समाचार पृष्ठ -3 पर

व्यापार से संबंधित युवाओं का सीखो कमाओ योजना में पंजीयन करायें - संजय मालू

योजना के माध्यम से युवाओं में आयेगी दक्षता

सिवनी यशो:-प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की जा रही मु यमंत्री सीखो कमाओ योजना युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ ही व्यापारिक प्रतिष्ठानों के लिए भी लाभप्रद साबित होगी। इससे उन्हें अपने प्रतिष्ठानों में बेहतर, दक्ष एवं कार्य कुशल कर्मी प्राप्त हो सकेंगे। व्यापारी बंधुओं से आग्रह है कि वे अपने प्रतिष्ठानों का सीखो कमाओ योजना के पोर्टल में अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करवाएं ताकि, उन्हें अपने व्यापार के अनुरूप कार्य करने हेतु कुशल युवा प्राप्त हो सकेंगे। उक्ताशय की बात चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के जिलाध्यक्ष संजय कुमार मालू द्वारा कही गई। उन्होंने व्यापारी बंधुओं से आग्रह करते हुए कहा कि ऐसे युवा जो आपके व्यापार से संबंधित हैं या रुचि रखते हैं वे आपके यहां प्रशिक्षार्थी के रूप में कार्य करेंगे। ऐसे युवाओं को स्टाइपेंड के रूप में उनकी योग्यता के अनुरूप प्रदेश सरकार द्वारा आठ हजार से दस हजार तक प्रतिमाह स्टाइपेंड के रूप में वेतन निर्धारित किया गया है। इस निर्धारित राशि में से 75 प्रतिशत प्रदेश सरकार द्वारा दी जाएगी जबकि शेष 25 प्रतिशत राशि आपको देनी होगी। उक्त प्रशिक्षार्थियों की प्रशिक्षण अवधि 1 वर्ष निर्धारित की गई है।

चेंबर द्वारा बताया गया कि इसी संदर्भ में जिला कले टर धितिज सिंघल जी की अध्यक्षता में कले ट्रेट सभाकक्ष में योजना के क्रियान्वयन हेतु एक बैठक का आयोजन किया गया था। इस बैठक में चेंबर की ओर से अध्यक्ष संजय कुमार मालू के साथ ही संरक्षक सुदर्शन बाझल एवं सुनील नाहर भी शामिल हुए। चेंबर द्वारा कहा गया कि इस योजना एवं पोर्टल में पंजीकरण हेतु इच्छुक व्यापारी बंधु योजना की विस्तृत जानकारी हेतु महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिवनी अथवा जिला रोजगार अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर चेंबर के पदाधिकारी गण भी उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे।

चोटिल हुई टी 20 बाघिन लंगडी अब स्वस्थ्य है

सिवनी यशोः- पेंच टाईगर रिजर्व के उपसंचालक रजनीश कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि दिनांक 30 मई 2023 को पेंच टाईगर रिजर्व में सुबह की सफारी के दौरान पर्यटक / गाइडों को टी 20 बाघिन (लंगडी) बड डोबरी के पास बैठी हुई नजर आई पर्यटकों / गाइडों के द्वारा बताया गया है कि बाघिन टी 20 बाघिन (लंगडी) चोटिल अवस्था मे पाई गई। पर्यटक / गाइडों के द्वारा यह सूचना गेट पर आकर गेट प्रभारी दुरिया को बताया गया।

दुरिया गेट प्रभारी द्वारा तत्काल यह सूचना परिक्षेत्र अधिकारी कर्माझिरी को दी गई एवं परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा मौके पर पहुँचकर निरीक्षण किया गया एवं टी 20 बाघिन (लंगडी) के चोटिल होने के संबध में सूचना मिलते ही परिक्षेत्र अधिकारी कर्माझिरी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को यह सूचना प्रेषित की गई तत्पश्चात वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में सायंकाल 5 बजे वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. अखिलेश मिश्रा के द्वारा टी 20 बाघिन (लंगडी) को डार्ट के माध्यम से ट्रीटमेंट किया गया। डॉ अखिलेश मिश्रा द्वारा बताया गया कि यह बाघिन कि अनुमानित आयु 16 वर्ष है और अपनी आयु के अनुरूप यह स्वस्थ है ट्रीटमेंट के बाद बाघिन की निगरानी की गई। बाघिन रोड में स्वस्थ पाई गई।

विश्व कल्याण के लिये गंगा दशहरा पर माता बैनगंगा का पूजन

सिवनी यशोः- विश्वकल्याण की कामना से ब्र हलीन जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद जी महाराज के परम शिष्य ब्रह्मचारी श्री निर्विकल्प स्वरूप जी द्वारा गंगा दशहरा के पुनीत अवसर पर ग्रामीण भक्तों के साथ माता बैनगंगा तट पर पहुँचकर विशेष पूजन अर्चन कर 51 लीटर दूध से दुग्धाभिषेक एवं 1008 दीपो से दीपदान किया गया। इस अवसर पर मड़वा, जैतपुर, सीतारामपुर, हथनापुर,बंडोल सहित अन्य गावों से आये लोगों ने भी ब्रह्मचारी जी के साथ साथ पूजन, दर्शन, दीपदान सहित आरती किये।

चकरपटा घाट में दत्तात्रेय आश्रम बंडोल के साथ ही अन्य तीर्थ स्थानों में गुरुधाम दिघोरी, मातृधाम, कातलबोडी, एवं श्री हनुमान मन्दिर जाम में जाकर पूजन अर्चन दर्शन भी किया। ब्र हचारी ने कहा कि माता बैनगंगा इस क्षेत्र के लिये जीवन दायनी है । इनकी नित्य वंदना से क्षेत्र में खुशहाली और शांति की स्थापित होगी ।

डीबीटी के नाम पर बैंकों के चक्कर लगा रही लाडली बहना

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश सरकार की मु यमंत्री लाडली बहना योजना का क्रियान्वय आगामी 10 जून से प्रारंभ हो जायेगा जिसके तहत लाडली बहनों को सीधे उनके बैंक खाते में 1000 रूपये सरकार की ओर से प्रदान किये जायेंगे। इसके लिए ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया स पन्न हो गई है लेकिन आवेदन प्रक्रिया स पन्न होने के बाद भी अनेक विसंगती के चलते लाडली बहनों को परेशान होना पड़ रहा है। जिसमें सबसे ज्यादा समस्या डीबीटी के लिए देखने को मिल रही है जिसके लिए लाडली बहना बैंकों के चक्कर लगा-लगाकर परेशान हो रही है।

उक्ताशय की बात आज जिला कले टर कार्यालय पहुंच सौंपे गये ज्ञापन में राहुल गांधी विचारमंच के जिलाध्यक्ष रंजीत बघेल, किसान नेता हुकुमचंद सनोडिया, गोवर्धन पटेल द्वारा कही गई। प्रदेश के मु यमंत्री के नाम सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया कि लाडली बहना योजना के तहत महिलाओं द्वारा ऑलनाईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे आवेदन प्रक्रिया स पन्न कराने के लिए नगरीय क्षेत्रों में वार्ड स्तर और ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित कर फार्म भराये गये। आवेदन फार्म भरते समय समग्र आईडी का आधार नंबर और मोबाइल नंबर से लिंक होना अनिवार्य था जिसके लिए लाडली बहनों के द्वारा केवाईसी करायी गई, इसके साथ ही बैंक खाता को आधार कार्ड और मोबाइल नंबर से लिंक कराने के लिए भी ई-केवायसी करायी गई। इसके बाद महिलाओं के लाडली बहना के ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया स पन्न हुई।

आवेदन के दौरान पोर्टल पर कई महिलाओं के बैंक खाता में आधार लिंक और डीबीटी चालू होना नहीं दिखाये जाने के कारण विगत दिनों जारी की गई लाडली बहना योजना की लिस्ट में महिलाओं के डीबीटी नहीं होने की जानकारी उन्हे लगी और महिलाएं पुनः बैंक पहुंची और आवेदन किया, तो मौके पर उपस्थित बैंक कर्मचारियों द्वारा उनके खाते में डीबीटी होने की जानकारी उन्हे दी गई लेकिन फार्म जमा करने के पश्चात किसी तरह की पावती हितग्राही लाडली बहना को प्रदान नहीं की जा रही और पुनः लिस्ट में उन्ही महिलाओं के नाम के सामने डीबीटी नहीं होना दर्शित किया गया। तो फिर महिलाएं बैंक पहुंची और वहां आवेदन किया तो वहां पूर्व की तरह डीबीटी होने की बात बतायी गई। इस तरह से महिलाएं बैंक के चक्कर लगा-लगाकर परेशान हो रही है।

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई लाडली बहना योजना हेतु किये गये आवेदन प्रक्रिया के बाद आ रही विसंगतियों को जल्द से जल्द दूर किया जाये और बैंकों से संपर्क कर जिन महिलाओं के खाते आधार लिंक है उन पर स्वतः ही डीबीटी प्रारंभ कर लाडली बहनों को परेशानी से छुटकारा दिलाते हुए योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाये। ताकि लाडली बहनों को इस भीषण गर्मी और शादी-विवाह के सीजन में डीबीटी के नाम पर बैंकों के चक्कर लगाकर परेशान न होना पड़े।

संयुक्त कले टर को जिला परियोजना अधिकारी शहरी विकास का प्रभार

मंडला यशोः- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने संयुक्त कले टर हुनेन्द्र घोरमारे को जिला परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण (डुडा) का कार्य प्रभार सौंप दिया है। उन्होंने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

धारा 370 हटने के बाद ज मू एवं कश्मीर बन रहा है भारत में निवेश का नया केंद्र

प्रहलाद सबनानी

ऐसा कहा जाता है कि ज मू एवं कश्मीर में धारा 370 लागू करना तत्कालीन नेहरू सरकार की सबसे बड़ी राजनैतिक भूल थी,` योंकि इसके कारण ज मू एवं कश्मीर के नागरिकों का अत्यधिक नु सान हुआ है। व्असल पूरे देश में नागरिकों के हितार्थ भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही कई योजनाओं का लाभ धारा 370 के कारण ज मू कश्मीर एवं लद्दाख के नागरिकों को नहीं मिल पा रहा था। साथ ही, इन क्षेत्रों का विकास भी नहीं हो पा रहा थ यों कि अत्यधिक आतंकवाद के कारण इस क्षेत्र में कोई भी उद्योगपति अपना निवेश करने को तैयार ही नहीं होता था।

धारा 370 को लागू करने के कारण ज मू एवं कश्मीर के नागरिकों को आर्थिक ने सान के अलावा राजनैतिक, सामाजिक एवं अन्य क्षेत्रों में पूरे भारत को ही भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। केंद्र सरकार को रक्षा, विदेश एवं संचार जैसे कुछ क्षेत्रों को छोड़कर शेष समस्त क्षेत्रों के लिए भारत सरकार के कानून ज मू कश्मीर में लागू करने के लिए राज्य सरकार की अनुमति लेना आवश्यक होता था।

अतः भारत सरकार के कानून ज मू कश्मीर में लागू नहीं होते थे। इसका परिणाम यह निकलता था कि भारत के अन्य राज्यों से कोई भी भारतीय नागरिक ज मू कश्मीर की सीमा के अंदर जमीन या स पत्ति नहीं खरीद सकता था। ज मू कश्मीर के लिए भारतीय तिरंगा के अलावा एक अलग राष्ट्रीय ध्वज भी होता था, इसलिए वहां के नागरिकों द्वारा भारतीय तिरंगा के स मान नहीं करने पर उन पर कोई अपराधिक मामला दर्ज नहीं हो सकता था।

यहां तक कि ज मू और कश्मीर के स बंध में भारत की सुप्रीम कोर्ट द्वारा यदि कोई आदेश दिया जाता था, तो वहां के लिए यह जरूरी नहीं है कि वे इसका पालन करें। ज मू और कश्मीर की कोई महिला यदि भारत के किसी अन्य राज्य के किसी व्यक्ति से शादी कर लेती थी, तो उस महिला से उसके कश्मीरी होने का अधिकार छिन जाता था। इसके विपरीत यदि कोई कश्मीरी महिला पाकिस्तान में रहने वाले किसी व्यक्ति से निकाह करती थी, तो उसकी कश्मीरी नागरिकता पर कोई असर नहीं होता था। साथ ही, कोई पाकिस्तानी नागरिक यदि कश्मीरी लड़की से शादी करता था और फिर कश्मीर में आकर रहने लगता था तो उस व्यक्ति को भारतीय नागरिकता भी प्राप्त हो जाती थी। यह किस प्रकार के नियम बनाए गए थे जिनके अनुसार एक भारतीय नागरिक ज मू कश्मीर में नहीं बस सकता था परंतु एक पाकिस्तानी नागरिक यहां बस सकता था और आतंकवाद फैला सकता था।

कुल मिलाकर धारा 370 के चलते, ज मू एवं कश्मीर के नागरिकों को लाभ के स्थान पर ने सान ही अधिक उठाना पड़ा है। परंतु, केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद इस क्षेत्र के नागरिकों को देश में लागू की जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचने, इस क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति देने एवं आतंकवाद को समूल नष्ट करने के उद्देश्य से दिनांक 5 अगस्त 2019 को भारत सरकार ने ज मू एवं कश्मीर को खास दर्जा देने वाली धारा 370 को कानूनी रूप से खत्म कर दिया था।

केंद्र सरकार का यह फैसला सचमुच में बहुत दूरदर्शी साबित हुआ हैं योंकि धारा 370 को हटाए जाने के बाद से ज मू एवं कश्मीर में कई बदलाव दृष्टिगोचर हैं। अब केंद्र के समस्त कानूनों एवं अन्य कई आर्थिक योजनाओं को वहां लागू कर दिया गया है इससे आम नागरिकों को बहुत सुविधा एवं लाभ हुआ है। आतंकी घटनाओं में भारी कमी आई है। आतंकवादियों की कमर तोड़ दी गई है। हजारों की सं या में स्थानीय नागरिकों को सरकारी

नौकरियां प्रदान की गई हैं। देश का यह सबसे खूबसूरत भाग धारा 370 को लागू करने के बाद से पूरी तरह से भारत से जुड़ नहीं पाया था परंतु अब धारा 370 हटाए जाने के बाद यह क्षेत्र भी सही अर्थों में भारत के साथ जुड़ गया है।

धारा 370 को हटाए जाने के बाद से ज मू कश्मीर में जिस तरह आधारभूत संरचना का विकास हो रहा है, कनेँ टविटी बढ़ रही है, उससे राज्य में पर्यटन गतिविधियों का विस्तार हुआ है और केलेंडर वर्ष 2022 में रिकार्ड वृद्धि के साथ 26 लाख से अधिक पर्यटक वहां पहुंचे हैं।

भारत के राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद से वर्ष 2019 तक ज मू कश्मीर में तकरीबन 14,700 करोड़ रुपए का निवेश हो पाया था, जबकि पिछले केवल 3 वर्षों में यह चार गुना बढ़कर 56,000 करोड़ रुपए से अधिक का हो गया है। स्वास्थ्य से जुड़ी आधारभूत संरचना का भी तेजी से विकास हो रहा है। 2 नए ए स, 7 नए मेडिकल कॉलेज, 2 स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट और 15 नर्सिंग कॉलेज खुलने जा रहे हैं। इस सबसे स्थानीय नागरिकों के लिए रोजगार के नए अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है।

हाल ही में पिछले दिनों श्रीनगर के सेमपोरा में विदेशी निवेश से निर्मित होने वाले 250 करोड़ रुपये की लागत के एक मॉल की आधारशिला उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा ने रखी। यह ज मू एवं कश्मीर में विदेशी पूंजी से बनने वाला प्रदेश का पहला मॉल होगा, जिसे 2026 तक पूरा किए जाने की स भावना है। दुबई का ए मार समूह इसका निर्माण कर रहा है। इसके अलावा ज मू और श्रीनगर में डेढ़ सौ-डेढ़ सौ करोड़ रुपये की लागत वाले एक-एक आईटी टावर का विनिर्माण भी ए मार समूह कर रहा है।

यह इसका प्रमाण है कि अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद की बदली परिस्थितियों में ज मू-कश्मीर में भी विदेशी निवेश आ रहा है। उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा के मुताबिक, नई औद्योगिक नीति आने के 22 महीनों में 5,000 से अधिक देसी व विदेशी कंपनियों के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। साथ ही, श्री सिन्हा ने इस अवसर पर यह घोषणा भी की कि निवेश संबंधी प्रस्ताव आने के 15 दिन के अंदर जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। देश के किसी भी प्रदेश में ऐसी घोषणा शायद ही पूर्व में की गई हो।

ज मू एवं कश्मीर की अर्थव्यवस्था अभी तक कृषि और पर्यटन पर ही आधारित रही है। आतंकवाद के चलते राज्य में औद्योगिक विकास के बारे में तो कल्पना करना ही स भव नहीं था। परंतु अब विभिन्न कंपनियां पैकेजिंग, कोल्ड स्टोरेज, रसद, खाद्य प्रसंस्करण, फार्मास्यूटिकल, चिकित्सा, पर्यटन और शिक्षा आदि क्षेत्र में भी अपनी रुचि दिखा रही हैं और निवेश कर रही हैं।

यह सच है कि ज मू एवं कश्मीर में धारा 370 हटाए जाने के बाद से स्थानीय नागरिकों में उत्साह के माहौल ने अपनी जगह बना ली है, जो कि पहिले आतंकवाद के माहौल में रहने को मजबूर थे। इस क्षेत्र में नित नए उद्योग आरंभ हो रहे हैं। यह प्रदेश के बदलते आर्थिक, वित्तीय व कारोबारी स्थिति का ही प्रमाण है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कुल 38,000 करोड़ रुपए लागत की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास किया है।

ज मू एवं कश्मीर राज्य के लिए अगले कुछ वर्षों में कुल 75,000 करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही, ज मू एवं कश्मीर में जी-20 समूह की बैठक का आयोजन, भारत की अध्यक्षता में, किया जा रहा है। इस बैठक में विकसित देशों सहित विभिन्न देशों के उच्चस्तरीय नेता एवं अधिकारी भाग लेंगे। वस्तुतः ज मू कश्मीर को लेकर केंद्र सरकार पूर्व की सभी सरकारों से अलग दृष्टिकोण से काम कर रही है। आर्थिक गतिविधियों द्वारा प्रदेश का माहौल बदलना इनमें प्रमुख हैं। उ मीद की जा रही है कि आने वाले समय में ज मू एवं कश्मीर भी देश के अन्य राज्यों के समानांतर आर्थिक विकास की पटरी पर दौड़ता दिखाई देगा।

राज्य युवा सलाहकार परिषद का गठन

भोपाल -प्रदेश की युवा नीति एवं युवाओं से जुड़े मामलों में सलाह देने के लिए मु यमंत्री की अध्यक्षता में राज्य युवा सलाहकार परिषद का गठन किया है। परिषद में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री और अध्यक्ष म.प्र. युवा आयोग को पदेन उपाध्यक्ष बनाया गया है। प्रमुख सचिव, खेल एवं युवा कल्याण परिषद के सदस्य सचिव होंगे।

परिषद में शामिल किये गये सदस्यों में सर्वश्री मेघदैप बोस, अनुभव दुबे, सूर्यपाल सिंह, प्रतीक संचेती, डॉ. सचिव शर्मा, सोनू गोलकर, कार्तिक सपे, श्रीमती अदिति झांवर, डॉ. तेजल शाह पारूलकर, विनायक लोहानी, सुश्री हिमाद्री सिंह, आशुतोष सिंह ठाकुर और गजेन्द्र सिंह तोमर को शामिल किया गया है। अध्यक्ष की अनुमति से विशेष आमंत्रित सदस्य राज्य युवा सलाहकार परिषद में सि मलित किये जा सकेंगे।

युवाओं के लिए नए अवसरों का समय - राज्यपाल

लोगों के दुख-दर्द को बाँटने में जीवन की सार्थकता

राज्यपाल से एन.एस.एस. के स्वयं सेवकों ने की सौजन्य भेंट

भोपाल- राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि आज का समय भारत के युवाओं के लिए नए अवसरों का समय है। पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। भारत का सामर्थ्य और शक्ति तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने युवाओं से कहा है कि लोगों के दुख-दर्द को बाँटने में ही जीवन की सार्थकता है। सेवा कार्य से व्यक्तित्व में निखार आता है। राष्ट्र और समाज सशक्त और सबल बनता है।

राज्यपाल श्री पटेल आज गणतंत्र दिवस परेड में सहभागिता करने वाले राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों और पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागी युवाओं को संबोधित कर रहे थे। अपर मु य सचिव उच्च शिक्षा के. सी. गुप्ता, राज्यपाल के प्रमुख सचिव डी.पी. आहूजा, बर्ड कंजर्वेशन सोसाइटी एवं बायो डायवर्सिटी बोर्ड के पदाधिकारी और संस्था के संस्थापक श्री मोह मद खालिक भी मौजूद थे।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि युवा राष्ट्र का भविष्य होते हैं, आज के

युवा देश के भविष्य की नींव है। यह नींव जितनी सुसंस्कृत, शिक्षित और समाज के प्रति समर्पित होगी। भविष्य के राष्ट्र का स्वरूप भी उतना ही भव्य और विशाल होगा। आजादी के 75 वर्षों का अमृत काल वास्तव में युवाओं का अमृत काल है,` योंकि जब स्वतंत्रता के 100 वर्ष होंगे तो आज का युवा ही सफलताओं के शिखर पर होगा। देश की अमृत पीढ़ी के प्रतिनिधि के रूप में आप सब ही आगामी 25 वर्षों में देश को ऊँचाइयों पर ले जाकर विकसित और आत्म-निर्भर भारत का निर्माण करेंगे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, डिजिटल, स्टार्टअप, इनोवेशन क्रांतियों और रक्षा, अंतरिक्ष के क्षेत्र में सुधारों से युवाओं के लिए अपार संभावनाएँ बनाई हैं। युवा प्रतिभा के लिए अंतरिक्ष क्षेत्र के दरवाजे खुलते ही पहले निजी उपग्रह के प्रक्षेपण, गेमिंग, एनिमेशन, ड्रोन तकनीक, इंटरटेनमेंट, लॉजिस्टिक्स से लेकर कृषि आदि विभिन्न क्षेत्रों में शानदार परिणाम मिल रहे हैं। उन्होंने स्वयं सेवकों से अपेक्षा की है कि वह अपने अनुभवों को आने वाली नई पीढ़ी के साथ साझा कर उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरणा और प्रोत्साहन प्रदान करेंगे।

क्षेत्रीय निदेशक एन.एस.एस. डॉ. अशोक कुमार श्रीती ने स्वागत उद्बोधन दिया। राज्य एन.एस.एस. अधिकारी डॉ. आर.के. विजय ने आभार माना।

जून में फिर बदलेगा मौसम, दिखेगा पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव, 2 संभागों समेत इन जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

1 जून को उत्तर भारत में एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एि टव हो रहा है। इसका असर 3 जून से प्रदेश में देखने को मिलेगा। 3 से 5 जून तक ग्वालियर और चंबल में पश्चिमी विक्षोभ एि टव रहेगा, जिससे तेज बारिश और 40-50 Km प्रतिघंटे की स्पीड से हवा चलने का अनुमान है।

भोपाल। जून में एक बार फिर नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिससे फिर बारिश और आंधी का दौर देखने को मिलेगा। एमपी मौसम विभाग की मानें तो 1 जून को उत्तर भारत में एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एि टव हो रहा है। इसका असर 3 जून से प्रदेश में देखने को मिलेगा। 3 से 5 जून तक ग्वालियर और चंबल में पश्चिमी विक्षोभ एि टव रहेगा, जिससे तेज बारिश और 40-50 द्ध प्रतिघंटे की स्पीड से हवा चलने का अनुमान है।

ग्वालियर-चंबल संभाग समेत इन जिलों में बारिश

एमपी मौसम विभाग की मानें अगले 48 घंटों के लिए ग्वालियर-चंबल संभाग में तेज हवा और बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। हवा की स्पीड 50 Km प्रतिघंटा या इससे ज्यादा पहुंच सकती है। वही भोपाल, इंदौर और उज्जैन में भी बारिश की संभावना है। इस दौरान ओले भी गिर सकते हैं। वही 3, 4 और 5 जून को उत्तरी मध्यप्रदेश यानी ग्वालियर-चंबल संभाग समेत अन्य स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश होने के आसार है, भोपाल, इंदौर समेत अन्य शहरों में भी मौसम का असर देखने को मिलेगा।

जून तक जारी रहेगा बारिश का दौर

एमपी मौसम विभाग की मानें अगले एक सप्ताह तक भोपाल में मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा। 31 मई के साथ ही 1 से 5 जून के बीच बारिश होने के आसार है। इसके बाद मौसम बदल जाएगा। शाम को आंधी के बाद बारिश होने का अनुमान है।ग्वालियर में आगामी एक जून से ज मू-कश्मीर में एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिसके प्रभाव से पांच जून तक लोगों को गर्मी से राहत मिलती रहेगी। जबलपुर पश्चिमी विक्षोभ का असर समाप्त हो गया है, जिससे आगामी दिनों में तापमान और बढ़ेगा। इससे पहले आज शाम हल्के बादल छा सकते हैं। वही 24 घंटे के दौरान कहीं-कहीं हल्के बादल छा सकते हैं।

पश्चिमी विक्षोभ का दिखेगा प्रभाव

एमपी मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार , पश्चिमी विक्षोभ के अलावा उत्तर-पश्चिमी मध्यप्रदेश के साथ ही तमिलनाडु तक बनी हुई ट्रफ लाइन के कारण आंधी-वर्षा की स्थिति बनी है।वही आगामी एक जून को हिमालय में एक और पश्चिमी विक्षोभ आने की संभावना है। इसके प्रभाव से वर्तमान में मौजूद सिस्टम दोबारा सक्रिय हो जाएगी और पांच जून तक आंधी-वर्षा का दौर चलेगा। इसके चलते जून का पहला सप्ताह भी ठंडा ही रहेगा।

मु यमंत्री ने जानापाव में किया परशुराम लोक के निर्माण का भूमि-पूजन

जानापाव की पहाड़ी पर भी पहुँचेगा नर्मदा का जल, रोप-वे भी लगेगा - मु यमंत्री

भोपाल - मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज इंदौर जिले की पावन स्थली जानापाव में भगवान परशुराम लोक के निर्माण का भूमि-पूजन किया। उन्होंने भगवान परशुराम की जन्म-स्थली जानापाव की पहाड़ी तक नर्मदा जल लाने तथा रोप-वे लगाने की घोषणा भी की। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जानापाव में 10 करोड़ 32 लाख रूपये की लागत से परशुराम लोक का निर्माण कर तीर्थ-स्थल सर्व सुविधाओं से युक्त बनाया जायेगा, जिससे श्रद्धालुओं को इसका लाभ मिले।

मु यमंत्री श्री चौहान ने भगवान परशुराम की जन्म-स्थली तथा अनेक नदियों के उद्गम स्थली जानापाव में भगवान परशुराम के नव-निर्मित मंदिर में पूजा-अर्चना कर पवित्र जल कुण्ड के दर्शन किये। उन्होंने कहा कि गत अप्रैल माह में जब मैं यहाँ आया था, तभी यहाँ परशुराम लोक बनाए जाने की घोषणा की थी। लगभग एक माह की अवधि में ही घोषणा पर अमल प्रारंभ कर दिया है। विभिन्न निर्माण कार्यों के लिये स्वीकृति देकर आज भूमि-पूजन भी किया गया है। उन्होंने कहा कि देश संविधान से चलता है, लेकिन धर्म उसका आधार होता है। प्राचीन काल में भी शासक वर्ग पनघट, मंदिर, धर्मशाला एवं सार्वजनिक प्रयोजन के निर्माण कराते थे। राज्य सरकार भी विकास के विभिन्न कार्यों के साथ विभिन्न धर्म-स्थलों का विकास भी करा रही है। उन्होंने कहा की जनता के विकास और सुविधाओं के लिए योजना भी बने और ऐसे पावन लोक भी बनें। इस दिशा में राज्य सरकार सचेष्ट होकर प्रयास कर रही है। मु यमंत्री ने कहा कि इतनी ऊँची पहाड़ी पर माँ नर्मदा का जल लाना एक कठिन कार्य है, लेकिन विभिन्न चरणों में पंपिंग के द्वारा यहाँ नर्मदा का जल लाया जाएगा।

संस्कृति मंत्री सुश्री ऊषा ठाकुर ने कहा कि आज यह पावन स्थली श्रद्धालुओं के लिए अनेक सुविधाओं से युक्त हो गयी है। परशुराम लोक निर्माण के लिए भूमि-पूजन हुआ है। वहीं ढाई करोड़ रूपये की लागत से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण भी किया गया है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम के फरसे से ही देवभूमि केरल का निर्माण हुआ था। वे न केवल हमारे आराध्य हैं बल्कि भारत

की सांस्कृतिक एकता के आधार भी हैं। मंत्री सुश्री ठाकुर ने कहा कि महू क्षेत्र के 90 ग्रामों ने एक अनोखी पहल की है। ग्रामीणों द्वारा जानापाव में अखंड शिव कीर्तन प्रारंभ किया जायेगा। एक दिन में तीन गाँव की टोलियाँ यहाँ आकर निरंतर संकीर्तन करेंगी, जो लगातार 24 घंटे होगा। इससे जानापाव की तपोभूमि और भी अधिक ऊर्जित होगी।

सांसद वी.डी. शर्मा ने कहा कि आज गौरव का दिन है कि जानापाव को तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस भूमि से धर्म और अध्यात्म का भाव पैदा होता है। देश-भक्ति की प्रेरणा भी यहाँ से मिलती है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम लोक विकसित करना मु यमंत्री श्री चौहान के दृढ़-संकल्प का ही परिणाम है।

अध्यक्ष युवा आयोग डॉ. निशांत खरे, सांसद सुश्री कविता पाटीदार, छतर सिंह दरबार, विधायक रमेश मेंदोला, पूर्व विधायक राजेश सोनकर, इंदौर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गोलू शु ला, महंत भालेश्वर महाराज और योगेश्वर सहित साधु-संत, जन-प्रतिनिधि और बड़ी स ख या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

यंग थिंकर्स फोरम द्वारा 73वीं पुस्तक परिचर्चा का आयोजन

भोपाल। यंग थिंकर्स फोरम के रीडिंग` लब द्वारा 73वीं पुस्तक परिचर्चा का आयोजन स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी भोपाल में किया गया।। इस पुस्तक परिचर्चा में दो पुस्तकों पर समीक्षा एवं चर्चा की गई।

स्वाधीनता आंदोलन में सुनियोजित सशस्त्र क्रांति का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है - संजीव सान्याल की नई पुस्तक

भारत के मु य आर्थिक सलाहकार रहे अर्थशास्त्री व लेखक संजीव सान्याल की बहुचर्चित व ताज़ा पुस्तक %रिवोल्यूशनरीज% पर रगेश्वरी आंजना ने प्रस्तुति दी। भारत के समग्र स्वतंत्रता संग्राम को सामान्यतः गांधी और कांग्रेस के अहिंसक राजनीतिक आंदोलन के रूप में बताया जाता है। किंतु संजीव सान्याल का तर्क है कि ब्रिटिश औपनिवेशिक शासकों के विरुद्ध प्रार भ से ही एक सतत समानांतर सशस्त्र संघर्ष चलता रहा।

1857 में भारतीय स्वतंत्रता के पहले युद्ध के बाद यह कुछ समय के लिए समाप्त हो गया, लेकिन बीसवीं सदी की शुरुआत से फिर से उभरा। रासबिहारी बोस, चाफेकर बंधु, सावरकर, चंद्रशेखर आजाद, श्री अरविंद, भगत सिंह, सचिंद्र नाथ सान्याल और सुभाष चंद्र बोस आदि

सदी से अधिक समय तक अंग्रेजों के खिलाफ सशस्त्र प्रतिरोध को बनाए रखा। उनके पास अच्छी तरह से विकसित संस्थान, विचारक और व्यापक लोकप्रिय समर्थन था।

सुभाषचंद्र बोस की रहस्य गाथा को सुलझाती अनुज धर की पुस्तक

समीक्षक ऋषि शर्मा ने बताया कि पुस्तक के अनुसार सुभाषचंद्र बोस की मृत्यु विमान दुर्घटना में नहीं हुई थी। 18 अगस्त 1945 को कोई प्लेन क्रैश नहीं हुआ था। कांग्रेस ने यह सच जनता से छिपाया। बोस आई सी एस की परीक्षा पास कर के नौकरी छोड़कर लंदन से भारत लौटे। आजाद हिंद फौज के साथ सिंगापुर आए। आजाद हिंद फौज मणिपुर तक आ गई थी।

भारत के इंडिपेंडेंस ऐ ट में यह शर्त थी कि सुभाषचंद्र बोस जब भी मिलेंगे, भारत सरकार सुभाषचंद्र बोस को मित्र राष्ट्र को सौंप देगी। इसलिए सुभाषचंद्र बोस छिप कर भारत में रहे। यूपी के मु यमंत्री और ग्रहमंत्री रात में छिपकर सुभाषचंद्र बोस से मिलने जाते थे। लेखक के अनुसार 16 सितंबर 1985 को फैजाबाद मे सुभाषचंद्र बोस की मृत्यु हुई ।

यंग थिंकर्स फोरम द्वारा हर रविवार पुस्तक परिचर्चा का अयोजन किया जाता है, जिसमें पुस्तक प्रेमी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। इसमें कोई भी निःशुल्क सि मलित हो सकता है। अधिक जानकारी के लिए फोरम की वेबसाइट www.youngthinkersforum.com पर विजिट किया जा सकता है।

झुरकी समूह नल जल योजना से ग्रामीणों को मिला पेयजल समस्या का स्थायी निदान

सिवनी यशो:- जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित झुरकी समूह नल-जल योजना से सिवनी जिले के घंसौर विकासखण्ड के 15 ग्रामों के निवासियों को पेयजल समस्या का स्थायी समाधान मिल गया है। योजना के पूरा हो जाने से ग्रामीणों को पेयजल के लिए अब दूर जाकर हैडपंप या कूप से पानी लाने की आवश्यकता नहीं है, शुद्ध पेयजल उनके घरों में नल के माध्यम से पहुँचने लगा है। झुरकी समूह नलजल योजना के माध्यम से सुविधाजनक रूप से पर्याप्त पानी मिलने से लाभान्वित ग्राम के निवासियों में खुशी की लहर व्याप्त है। योजना से मिले लाभ के लिए ग्रामीण प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद दे रहे हैं।

जप्त वाहनों के तय समय सीमा में स्वामित्व प्रस्तुत न करने पर की जाएगी नीलामी

सिवनी यशो:- थाना प्रभारी थाना केवलारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न प्रकरणों में पुलिस ऐ ट में जप्तशुद विभिन्न कंपनियों के 28 नग दो पाहिया वाहन जर्जर एवं कंडम स्थिति में थाना केवलारी प्रांगण में रखे हुए हैं। जप्तशुद 28 नग वाहन 25 पुलिस ऐ ट अंतर्गत जप्त हैं, वाहनों के स्वामित्व धारकों को आम इस्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि 10 जून 23 तक पुलिस थाना केवलारी में मूल दस्तावेज सहित उपस्थित होकर अपना स्वामित्व अधिकार प्रस्तुत करें। नियम तिथि तक उपस्थित नहीं होने पर 11 जून 2023 के बाद उक्त वाहनों की नीलामी निस्पादित की जाएगी।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आज

मंडला यशो:- जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक 1 जून 2023 को जिला योजना भवन में प्रातः 10:30 बजे से आयोजित गई है। बैठक में मातृ स्वास्थ्य, अनमोल पोर्टल रैंकिंग, मातृ मृत्यु समीक्षा, शिशु स्वास्थ्य रैंकिंग, सीएम हेल्पलाईन तथा सिकल सेल एनीमिया की समीक्षा की जाएगी।

समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों का प्रशिक्षण 2 को

मंडला यशो:- आईएफएमआईएस सॉ टवेयर में आ रही कठिनाईयों (माइग्रेशन ऑटोसी चालान वेब पोर्टल, पेय फि सेशन, पेंशन प्रकरण, एनपीएस, हेरराकी बनना) के समाधान हेतु प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को प्रशिक्षण दिये जाने हेतु प्रशिक्षण का आयोजन जिला योजना भवन सभाकक्ष मण्डला में 2 जून 2023 (शुक्रवार) को दोपहर 2 बजे से 5 तक किया जाएगा।

आई टी आई कॉलेज में "नशा मानवता के लिए अभिशाप" विषय पर व्या यानमाला का आयोजन

"नशा मनुष्यता के विनाश का स्वयं निर्मित अभिशाप है - प्राचार्य

युवा पीढ़ी नशे से दूर रह राष्ट्र निर्माण को साकार करें- संतोष

छपरा यशो:- शासकीय आई टी आई कॉलेज छपरा में नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत "नशा मानवता के लिए अभिशाप" विषय पर आयोजित किया गया, उक्त व्या यानमाला में कॉलेज प्राचार्य नलिन तिवारी ने अपने उद्बोधन में नशे की भीषण समस्या के मनोवैज्ञानिक निदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नशा करने वाले व्यक्ति का स्वयं पर नियंत्रण,आत्मविश्वास और चुनौतियों से निपटने का साहस समाप्त हो जाता है। उसे` या अच्छा,` या बुरा है, सब पता होता है लेकिन उस पर अमल नहीं कर पाता है। उसे शालीनता से बिना उलाहना दिए नशा मुक्ति हेतु सपोर्ट करना चाहिए। नशे से ग्रसित व्यक्ति के आत्मविश्वास करने की आदत को मजबूत करने की जरूरत होती है। उसके ध्यान को नशे से हटाकर दूसरे रचनात्मक कार्यों में केंद्रित कराना चाहिए। गलत लोगों की संगति बदलकर भी नशे की आदत से छुटकारा पाया जा सकता है।

नशा दुर्लभ दिव्य संभावनाओं को धूल चटा देता है -नमन नेमा

कार्यक्रम के अध्यक्ष मास्टर ट्रेनर नमन नेमा ने छात्राओं को नशे से दूर रहने पर जोर देते हुए कहा कि राष्ट्र के भविष्य निर्माता छात्रों को जो स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक है, वही करना चाहिए। नशा छोड़कर सारे रिश्ते जोड़ने पर बल दिया। स्वास्थ्य विभाग के बीसीएम संतोष सिंगरहा ने कहा कि नशा सीधे दिमाग पर प्रहार करता है और हमारी रचनात्मक क्षमताओं को नष्ट कर देता है । स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर पी सी पुनिया ने बताया कि नशे की लत लग जाने से इतना नुकसान होता है जिसकी भरपाई कई पीढ़ियों को करनी पड़ती है। प्रशिक्षण अधिकारी यशिन ठाकुर ने कहा कि नशा दुर्लभ दिव्य संभावनाओं को धूल चटा देता है और मनुष्य की बेशर्मी की पराकाष्ठा तक नीचे गिरा देता है। कार्यक्रम प्रभारी रंजना गुप्ता ने कहा कि नशा व्यक्ति को समाज में सिर ऊंचा करके जीने नहीं देता है और हीनभावना का शिकार बना लेता है। आई टी ऑफिसर संजय उइके ने कहा कि नशे की लत पर आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प से विजय प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम में पी डी नापित, हर्ष सोनी, नीरज उइके, राकेश तिवारी, भूपेंद्र उइके, राजकुमार सोयाम व बड़ी सं या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

जिलास्तरीय जनसुनवाई में आए 130 आवेदन

सिवनी यशो:- प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई अपर कले टर श्री सी.एल.चनाप की अध्यक्षता में कले ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। जनसुनवाई में सभी विभागाधिकारियों की भी उपस्थिति रही।

जनसुनवाई में आज तहसील सिवनी निवासी सुरेन्द्र भलावी द्वारा जमीन बटवारा सुधार करवाने विषयक आवेदन, ग्राम मोहगांव छींदा निवासी भादू यादव द्वारा संबल योजना का लाभ दिलाए जाने विषयक, ग्राम सिरमंगनी निवासी गयाप्रसाद द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाए जाने विषयक, राहुल बघेल एवं तिलक वार्ड निवासियो द्वारा वार्ड में पक्का नाले का निर्माण कराऐ जाने विषयक, सिवनी निवासी कैलाश नारायण शु ला द्वारा शासकीय मैदान को अतिक्रमण मुक्त करने विषयक, कुर्रा निवासी दुर्गाप्रसाद राय द्वारा पटवारी द्वारा भूमि का ठीक ढंग से सीमांकन नहीं करने की शिकायत विषयक, कुर्रा निवासी कविता नायक द्वारा गरीबी रेखा राशन कार्ड बनाए जाने विषयक, ग्राम सुनवारा निवासी कन्हैया चन्द्रवंशी द्वारा गेहूं उर्जाज की राशि न प्राप्त होने की शिकायत विषयक, केवलारी उगली निवासी मुन्नी बाई द्वारा पेंशन भुगतान कराने विषयक, गंगानगर निवासी वैशाली शर्मा द्वारा विधवा पेंशन स्वीकृत करने विषयक सहित कुल 130 आवेदन जनसुनवाई में प्राप्त हुए।

अपर कले टर श्री चनाप द्वारा जनसुरक्षाई में आए आवेदकों की समस्याओं को सुनते हुए प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभागाधिकारियें को दिए गए।

चरणबद्ध विकास सुनिश्चित करें, जि मेदार बने अनावश्यक विरोध उचित नहीं - खुराना

सिवनी यशो:- सिवनी नगरपालिका परिषद द्वारा सड़कों के कायाकल्प सुदृर्णीकरण के अंतर्गत नगर के प्रमुख मार्गों की 13 सड़कों का डामरीकरण भूमि पूजन कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने कहा कि कांग्रेस बीजेपी दोनो पार्टी ने चुनाव के समय अपने अपने घोषणा पत्र जारी किये है।` यो न जनता से किये गये दोनो घोषणा पत्र के वादे पूरे करने का काम नगर पालिका करें। महात्मा गांधी जी ने पंचायती राज का सपना इसीलिये देखा था कि वार्ड के अंतिम व्यक्ति को अपनी बात रखने का अवसर प्राप्त हो, पार्षदो को वार्ड की जनता ने नगरपालिका इस लिये पंहुचाया है कि वह उनकी मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सड़क, नाली, साफ सफाई की व्यवस्था करें, ना कि वार्ड की जनता को लेकर नगरपालिका में चक्कर मटके फोड़े। दलसागर तालाब में जो कार्य हो रहा है उसकी सिल्ट और गंदगी निकालना अत्यंत आवश्यक है, तलाब को बार बार खाली नही किया जा सकता, तलाब से निकलने वाली सिल्ट का उपयोग किसानों के साथ साथ बगीचों एवं खेतो में किया जा सकता है। सबसे कम विकसित और मूलभूत सुविधाओं से वंचित एक वार्ड को चिह्नित करके उस वार्ड में कार्य करके दिखाये और चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य करना होगा।

दोनों पाटियों के घोषणापत्र में विकास के मुद्दे है उन्हें पूरा कराये

खुराना ने आगे कहा कि सिवनी नगरपालिका विकास में पिछड़ापन होने का कारण विधायक दिनेश राय मुनमुन ने स्वयं मंच से बताया कि पिछली भाजपा शासित परिषद ने उनकी दी गयी विधायक निधि का उपयोग नही किया, उस राशि से कोई विकास कार्य नही कराया, मुनमुन राय को विधायक निधि की राशि नगरपालिका से वापिस लेनी पड़ी, मंच से अपनी ही पार्टी की बखिया उधेड़ते हुये भाजपा में व्याप्त गुटबाजी को दर्शाया जिसके कारण नगर विकास अवरूद्ध हुआ। कांग्रेस पार्टी ने जो वादे नगरपालिका चुनाव में सिवनी की जनता से किये थे, नगरपालिका अध्यक्ष शफीक खान एवं परिषद इसे चरणबद्ध तरीके से पूर्ण करने का कार्य कर रही है।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष में नशा मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ : ब्र हाकुमारी शांति शिखर में

सिवनी यशो:-नशा मुक्त भारत अभियान सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार का एक प्रमुख कार्यक्रम है ,जिसे देश में नशीली दवाओं के दुरुपयोग की मांग को कम करने के लिए तैयार किया गया है, नशा मुक्ति के बारे में जागरूकता पैदा करने और ब्र हाकुमारी संगठन के राष्ट्रव्यापी नेटवर्क की ताकत को समाज के एक व्यापक वर्ग तक पहुंचने के लिए ब्रह्माकुमारीज के मेडिकल विंग और सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के बीच 4 मार्च 2023 को डॉ अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर नई दिल्ली में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में दवाओं के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूकता पैदा करना है ,अंतिम उपयोगकर्ताओं दुर्व्यवहार करने वालों तक पहुंचना ,और उन्हें दवाओं के सेवन को कम करने के लिए सशक्त बनाना ।

ब्रह्माकुमारीज में हम मादक पदार्थों की लत के खतरे को दूर करने के लिए दो तरफा रणनीति का उपयोग करते हैं ,पहला आध्यात्मिक परामर्श और व्यक्ति को सशक्त बनाकर ,और दूसरा व्यक्ति के आत्मस मान को बढ़ाकर, दोनों रणनीतियां एक साथ काम करती हैं, और व्यक्ति की आंतरिक जरूरतों को पूरा करने में मदद करती है, ताकि व्यक्ति के अंदर नशीली चीजों को लेने की इच्छा जागृत ही ना हो

पृष्ठ 01 का शेष समाचार.....

कायाकल्प योजना के अंतर्गत बस स्टैंड में हुआ .....

को दिए गए तीन प्रतीक्षालय वार्ड क्रमांक 11 वार्ड क्रमांक 13, 14 वार्ड

क्रमांक 15 साथ ही नगर को पूर्व में दो फायर फाइटर भी प्रदान किए गए जिन का लोकार्पण सांसद द्वारा किया गया। इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए नगर के चौमुखी विकास के लिए अपने उद्बोधन में कहा सभी नगर परिषद के पार्षद गण एकजुट होकर नगर के नागरिकों के मूलभूत सुविधा प्रदान करने के लिए अपना सहयोग दें और इस नगर को एक आदर्श नगर के रूप में प्रदेश में स्थापित करें । कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में नगर परिषद की अध्यक्ष इमरता साहू ने कहा कि पद संभालने में विरासत में हमें ऐसी नगर परिषद मिली जहां कर्मचारियों का कई महीनों का वेतन बाकी था और करोड़ रुपए की देनदारी लोगों की बाकी है, हर काम अधूरा पड़ा हुआ है, जिसकी जांच शासन स्तर पर की जा रही है, जैसी ही विकास कार्य चालू हुये, इंजीनियर डराया गया, जिसे कारण वह लगभग 6 महीने से अवकाश मे है, फिर भी नगर विकास में हम कोई कमी नहीं छोड़ेंगे, हमारे द्वारा नगर विकास में कई प्रोजे ट तैयार किया जा रहा है जो कुछ ही दिनों में मूर्त रुप लेने लगेंगे, हम कर्जा लेकर कोई काम नहीं करेंगे, ताकि जनता के ऊपर इसका कोई भार न आए, कार्यक्रम में नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर और विजय सूर्यवंशी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में नगर परिषद की महिला पार्षदो मंच मे नेताओं के पीछे जगह मिली?।

इसी कड़ी में नगर परिषद सभापति श्रीमती निधि ऋषभ जायसवाल, ज्ञानसिंह चौधरी, असंत उइके, अभिलाष गोल्, मालवीय, हेमंत राहंगडाले, पार्षद जितेंद्र सिंगारे, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष विजय सूर्यवंशी, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नरेश वरकडे, पूर्व आईएएस श्याम सिंह कुमरे, अजय त्रिवेदी, पूर्व पार्षद एवं सांसद प्रतिनिधि अनिल पाठक, राजेंद्र सिंह ठाकुर, विवेक बिसेने, सत्यांश भट्ट, पूर्व पार्षद नरेश अहिरवार, रमन लुधियाना, राम पटेल, विधायक प्रतिनिधि राकेश जैन, विजय राहंगडाले, जितेंद्र राहंगडाले, सुजीत सूर्यवंशी, राधेश्याम मिश्रा, मानसिंह नागवंशी, जितेंद्र कुशवाहा, प्रदीप ठाकुर ,व्यापारी संघ व पूर्व पार्षद अजय सूर्यवंशी, नरेश राजपूत, मनोहर धानेश्वर प्रदीप वर्दे, दामोदर तुरकर, अनुप पंजापति नगर एवं क्षेत्र के समस्त व्यापारी जनप्रतिनिधि गण गणमान्य नागरिक एवं नगर परिषद के समस्त अधिकारी, कर्मचारी गण की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन संदीप मिश्रा द्वारा किया गया। अंत में कार्यक्रम का आभार सभापति अभिलाष गोल् मालवीय जी द्वारा किया गया?

जागरूकता रैली के माध्यम से दिया गया नशा न करने का संदेश

सिवनी यशो:- बुधवार 31 मई विश्व त बाकू निषेध दिवस के अवसर पर कले टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशन में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण क ल्याण विभाग द्वारा %%-नशामुक्ति रैली% % एवं %%हमें भोजन की आवश्यकता है त बाकू की नहीं%% विषय पर चित्रकला, रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

विश्व त बाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्रातः 7 बजे से फुटबाल स्टेडियम से नशामुक्ति रैली को जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया, जो जिला मु यालय के मु य मार्गों से होती हुई पुनः स्टेण्डियम में समाप्त हुई। रैली में गायत्री परिवार, ब्र हकुमारी परिवार, समाज सेवी, अशासकीय संस्थाओ के पदाधिकारी, छात्र/छात्राये, जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी सं या में जनसामान्य की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन द्वारा उपस्थित सभी जनसामान्य को त बाकू सेवन से होने वाले दुष्परिणाम से अवगत कराया गया तथा सभी के द्वारा त बाकू का सेवन न करने का संकल्प लिया गया।

जल जीवन मिशन से ग्राम जनमखारी में आई खुशी की लहर

सफलता की कहानी

सिवनी यशो:- जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्रामीण नल जल प्रदाय योजना के तहत विकासखण्ड बरपाट के ग्राम जनमखारी में 484 परिवारों को घरेलू नल कने शन प्रदाय कर पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। सरकार के इन प्रयासों की सराहना ग्रामीणों द्वारा की जा रही है। योजना के तहत ग्राम जनमखारी में 20 हजार लीटर क्षमता की एक स पवेल और 1 लाख लीटर की टंकी बनाई गई तथा 5630 मीटर पाईप लाईन बिछाई गई है, जिसके माध्यम से ग्राम जनमखारी के सभी घरों में नल से जल पहुंचाया जा रहा है। स्थानीय निवासी श्रीमती निधि मरावी ने बताया कि पहले हैण्डपंप से पानी लेने जाने के लिए 500 मीटर की दूरी तय करनी पड़ती थी। जिससे समय के साथ-साथ कृषि कार्य प्रभावित होता था। उन्होंने कहा कि घर पर ही नल से जल उपलब्ध होने से समय की बचत हुई है, जिससे कृषि कार्य में सहूलियत मिली है। गांव की श्रीमती संतोषी बाई ने कहा कि वह मजदूरी करती है। पहले मजदूरी छोड़कर पानी लेने के लिए बाहर जाना पड़ता था और ओ सर लेट हो जाती थीं। किंतु अब पानी की सुविधा घर पर ही मिलने से अब वह मजदूरी के लिए समय पर जाती हैं और उसे अब पूरी मजदूरी मिल जाती हैं। ऐसे ही गांव की श्रीमती सुनीता ने कहा कि वह चाय की दुकान लगाती है। पहले पानी लाने हेतु ज्यादा समय लगता था। अब पानी घर पर ही उपलब्ध हो जाता है, घर पर पानी आने से समय पर चाय की दुकान लगाती हैं, जिससे परिवार का भरण-पोषण हो रहा है। ग्राम जनम खारी के प्रत्येक घर में नल से जल प्राप्त होने पर ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार ज्ञापित किया है। इस संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री ने जानकारी देते हुए बताया है कि जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के अध्यक्ष एवं कले टर श्री क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में जल जीवन मिशन कार्यक्रम का क्रिया-वयन सिवनी जिले में तीव्र गति से संचालित है।

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के खिलाड़ियों से संवाद कार्यक्रम स पन्न

सिवनी यशो:- संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन विकासखंड मु यालय के साथ-साथ जिला मु यालय में विगत 05.05.2023 से प्रारंभ हैं। आज दिनांक 31.05.2023 को विश्व त बाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य मे खेल और युवा कल्याण विभाग एवं सामाजिक न्याय विभाग के संयुक्त तत्वाधान में धूम्रपान निषेध संबंधित सदेश के साथ रैली का आयोजन किया गया। उक्त रैली को प्रातः 07:20 बजे फुटबाल स्टेडियम सिवनी में श्री वीरेश बघेल, उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग, श्री एम.के.नेमा सचिव जिला फुटबाल संघ सिवनी, गीता दीदी(ओम शांति परिवार), श्री सुन्दर लाल बघेल(गायत्री परिवार) के द्वारा संयुक्त रुप से हरी झंडी दिखाकर रैली प्रारंभ की गई। उक्त रैली भैरोगंज स्थित विभिन्न कालोनी के विभिन्न मार्गो से घूमते हुये 08:00 बजे वापस फुटबाल स्टेडियम सिवनी में आकर समाप्त हुई। समापन स्थल पर गायत्री परिवार सिवनी की ओर नशामुक्ति से संबंधी विभिन्न नारों के साथ-साथ गीत के माध्यम से नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित किया गया।

प्रातः समय 08:00 बजे डॉ. ढाल सिंह बिसेन, सांसद बालाघाट-सिवनी को फुटबाल स्टेडियम सिवनी में आगमन हुआ । उनके आगमन पर स्टेडियम में उपस्थित लगभग 800 खिलाड़ियों के द्वारा जोरदार तालियों से स्वागत करने के साथ ही खेल और युवा कल्याण विभाग सिवनी की ओर से सांसद महोदय के साथ-साथ उपस्थित अन्य अतिथियों को कोलियस नामक पुष्प का पौधा भेंट किया गया। स्वागत उपरांत सांसद महोदय के द्वारा विश्व त बाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में सभी को नशे से दूर रहने के लिये शपथ दिलाई गयी। तदोपरांत ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के लगभग 800 खिलाड़ियों से सांसद महोदय द्वारा संवाद कार्यक्रम प्रारंभ हुआ । जिसमें सभी खिलाड़ियों को खेल के प्रति प्रेरित करते हुये सांसद महोदय द्वारा बताया गया कि किस तरीकें से वर्तमान में हम खेल के माध्यम से अपना भविष्य सुरक्षित करने के साथ ही देश का नाम रौशन करने में योगदान दे सकते हैं। आपने बताया कि जब एक बच्चा मैदान से जुड़ता है, अनुशासन में रहकर खेलता है, तो वह खेल में आगे बढ़ने के साथ ही सबसे पहले तो स्वस्थ्य रहता है, जिसका असर उसके परिवार, समाज , प्रदेश एवं देश पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस दौरान सांसद महोदय ने भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना के संबंध में प्रकाश डालते हुये फिटनेस का डोज आधा घंटा रोज के नाते के साथ ही सभी उपस्थित खिलाड़ियों एवं अन्य जन समूह को प्रतिदिन अपने स्वास्थ्य के लिये खेल से जुड़े रहने हेतु प्रेरित करने के साथ ही ओम शांति परिवार, गायत्री परिवार एवं विश्व हिन्दू परिषद संस्था के द्वारा देशहित हेतु किये जा रहें कार्यो की प्रशंसा करते हुये उनके द्वारा किये जा रहें कार्यो से सभी सक्षिप्त में अवगत कराया तथा सभी को खेल के माध्यम से एवं नशे से दूर रहकर एक स्वस्थ्य शरीर, स्वस्थ्य मतिष्क, स्वस्थ्य परिवार, स्वस्थ्य समाज एवं स्वस्थ्य देश के निर्माण किये जाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम के अंत में श्री वीरेश बघेल, उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग सिवनी के द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया तथा सामाजिक न्याय विभाग के द्वारा सभी उपस्थितों को स्वलपाहार के रुप में केले एवं बिस्किट के पैकेट प्रदाय किये गये तथा खेल और युवा कल्याण विभाग की ओर से पौष्टिक आहार के रुप में अंकुरित चना, फाल्हौदाना एवं मूंग का वितरण किया गया। इस दौरान उपरोक्त के साथ-साथ श्री प्रेम तिवारी पूर्व जिला अध्यक्ष, श्री दिलीप अग्रवाल सांसद प्रतिनिधि, श्री संजीव मिश्रा सांसद प्रतिनिधि, श्री कमलेश टेमरे क्रीड़ा अधिकारी शासकीय महाविद्यालय लखनादौन, श्री श्रीनिवास मूर्ति , श्री संजय पप्पू सोनी, श्री अभिषेक दुबे, श्री निरंजन मिश्रा, श्री संजय खंडायत, श्री अजय वच्छानी, श्री अनुप मिश्रा, श्री राहुल खरे, श्री नीरज तिवारी, श्री सूर्यपाल बघेल, श्री जितेन्द्र, श्री अनिल कश्यप, अनीता राठौर, श्रीमती पुष्पा मेहदीरत्ता, श्री छिद्दी लाल श्रीवास, श्री एम.के .नेमा सचिव जिला फुटबाल संघ सिवनी, ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में सेवायें प्रदाय कर रहें खेल प्रशिक्षक, पी.टी.आई एवं वरिष्ठ खिलाड़ी, सामाजिक न्याय विभाग एवं खेल और युवा कल्याण विभाग के कर्मचारी, पत्रकार बंधु, पालकगण आदि उपस्थित रहें।

मवई क्षेत्र दौरा: कले टर ने वनाधिकार सर्वे के कार्यों का लिया विस्तृत जायजा

लाड़ली बहना, स्कूल भवनों, तेंदूपत्ता संग्रहण की देखी प्रगति

मंडला यशो:- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने मवई तथा बिछिया विकासखंड के लोहटा, मोतीनाला, पनारीखेड़ा, नरहरगंज एवं खुदराही आदि ग्रामों का भ्रमण किया। उन्होंने वनधन विकास केन्द्र, वनभूमि में पट्टा वितरण के लिए किए जा रहे सर्वे प्रक्रिया, जल-जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्य, लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत किए जा रहे डीबीटी लिंकेज, शाला भवनों के मर मत कार्य तथा तेंदुपत्ता संग्रहण आदि का निरीक्षण किया तथा ग्रामीणजनों से शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा की। भ्रमण के दौरान क्षेत्र के वन मंडलाधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

उत्पादों की बेहतर ब्रांडिंग करें

कले टर ने वनधन विकास केन्द्र बिछिया के निरीक्षण के दौरान कोदो-कुटकी संग्रहण, प्रोसेसिंग, पैकिंग प्रक्रिया तथा मार्केटिंग के संबंध में जानकारी ली। डॉ. सिडाना ने कहा कि उत्पादन में बाजार की मांग को ध्यान रखें। उत्पादों की बेहतर ब्रांडिंग करें। इस संबंध में उन्होंने ग्रामीण आजीविका परियोजना से समन्वय करने के निर्देश दिए। कले टर ने शहद तथा महुआ संग्रहण के संबंध में भी जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वनधन विकास केन्द्र में कार्यरत श्रमिकों से मजदूरी भुगतान की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने केन्द्र के परिसर में वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए।

वनभूमि में किए जा रहे सर्वे प्रक्रिया का जायजा

भ्रमण के दौरान कले टर डॉ. सिडाना ने वनग्राम लोहटा, पनारीखेड़ा, नरहरगंज तथा खुदराही आदि ग्रामों में वनभूमि पट्टे के लिए किए जा रहे सर्वे कार्य का विस्तार से जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा करते हुए उन्हें वनभूमि पट्टा से मिलने वाले लाभों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को समझाईश दी कि पट्टे का किसी अन्य प्रायोजन में उपयोग न करें।

स्व-सहायता समूह से कराएं नलजल योजना का संचालन

पनारीखेड़ा में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने जल-जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। इंटेकवेल तथा उपभोक्ताओं को दिए गए कने शन के निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रत्येक कने शन पर अनिवार्य रूप से टोंटी लगाने के निर्देश दिए। कले टर ने ग्राम की नलजल योजना को स्व-सहायता समूह के माध्यम से संचालित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सरपंच तथा ग्रामीणों से आव्हान किया कि वे जलकर की राशि वसूल कराएं तथा विद्युत देयकों का समय पर भुगतान करें।

डीबीटी कार्य के लिए रणनीति बनाएं

भ्रमण के दौरान कले टर ने सेंट्रल बैंक मोतीनाला में लाड़ली बहना योजना के तहत किए जा रहे डीबीटी कार्य का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि डीबीटी कार्य के लिए महिलाओं की सं या के आधार पर रणनीति बनाकर कार्य पूर्ण कराएं। इसी प्रकार बैंक में उपस्थित स्टॉफ को ध्यान में रखकर मोबीलाईजेशन प्लॉन तैयार करें।

15 जून के पहले पूर्ण कराएं शाला भवनों की मर मत

कले टर डॉ. सिडाना ने भ्रमण के दौरान प्राथमिक शाला खुदराही का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए शाला भवन में किए जा रहे मर मत कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देशित किया कि स्कूल भवनों में मर मत, रंगाई-पुताई तथा पेंटिंग का कार्य 15 जून से पूर्व पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। शिक्षक स्वयं पहल करते हुए स्कूलों में शैक्षणिक वातावरण तैयार करें। उन्होंने स्कूलों की शौचालयों को क्रियाशील बनाते हुए उनकी साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कले टर ने उपस्थित शिक्षकों को मोटीवेट करते हुए कहा कि जो भी शिक्षक बेहतर कार्य करेंगे वे शाला प्रवेश उत्सव के दौरान कले टर की ओर से उत्सव में अतिथि के रूप में शामिल होंगे। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को विशेष अवसरों पर जिला प्रशासन द्वारा स मानित भी किया जाएगा। इस दौरान कले टर ने बिछिया के सिझौरा में एक लव्य छात्रावास तथा एकलव्य स्कूल के विस्तारीकरण कार्य का निरीक्षण भी किया।

तेंदूपत्ता संग्राहकों से की चर्चा

कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने मवई क्षेत्र के भ्रमण के दौरान अलग-अलग ग्रामों में तेंदूपत्ता संग्रहण के कार्य में लगे श्रमिकों से मुलाकात की। उन्होंने ग्राम लोहटा, पनारीखेड़ा, नरहरगंज तथा खुदराही में तेंदूपत्ता संग्राहकों से चर्चा करते हुए उनके कार्य एवं भुगतान के संबंध में जानकारी ली।

बाढ़, अतिवृष्टि से निपटने बैठक 2 जून को

मंडला यशो:- मानसून वर्ष 2023 में बाढ़, अतिवृष्टि की संभावित स्थिति से निपटने हेतु पूर्व तैयारियों हेतु सर्व विभाग प्रमुखों की जिला स्तरीय बैठक 1 जून 2023 दिन गुरूवार को होना नियत था, उक्त बैठक के शेडयूल में आंशिक संशोधन करते हुये अब 2 जून 2023 दिन शुक्रवार को सायं 3:30 बजे योजना भवन के मीटिंग हॉल में आयोजित होगी। सभी उपरोक्त बैठक में विभागीय जानकारी के साथ एवं अपने सुझाव सहित अनिवार्यत: उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

कन्या शिक्षा परिसर चटुआमार में प्रवेश 3 जून तक

मंडला यशो:- विशिष्ट आवासीय विद्यालय में कन्या शिक्षा परिसर चटुआमार में एसटी विकलांग संवर्ग की 5वी उत्तीर्ण 2 छात्राओं को वर्तमान सत्र की कक्षा 6वी में प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश की अंतिम तिथि 3 जून 2023 निर्धारित की गई है।

सीवरेज परियोजना कार्य में लापरवाही पर

कले टर ने जारी किया कार्य एजेंसी को नोटिस

मंडला यशो:- निरीक्षण के दौरान कार्य में लापरवाही पाए जाने पर कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने मंडला सीवरेज परियोजना की कार्य एजेंसी मेसर्स जयवरूड़ी इन्फ्राकॉन प्राईवेट लिमिटेड को नोटिस जारी किया है। कले टर के निरीक्षण के दौरान कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं थी, रोड रिस्टोरेशन में लापरवाही पाई गई तथा पर्याप्त मात्रा में रॉ मटेरियल उपलब्ध नहीं था।

जारी नोटिस के अनुसार कले टर डॉ. सिडाना के निरीक्षण के दौरान अ बेडकर चौक बड़चौराहा से बैगा-बैगी चौक, नेहरू स्मारक से सहस्त्रधारा रोड, राजीव कॉलोनी रोड, लालीपुर तिराहा रोड, जिला चिकित्सालय से कचहरी मोहल्ला रोड तथा बिंझिया तिराहा से नेहरू स्मारक मार्गों पर सीवरेज पाईपलाईन बिछाने का कार्य पूर्ण पाया गया किन्तु उक्त सड़कों में रोड रिस्टोरेशन का कार्य पूर्ण नहीं किया गया। अनुबंध अनुसार अभी तक सारे कार्य पूर्ण हो जाने थे किंतु अभी भी लाईन तथा रोड रिस्टोरेशन का कार्य बाकी है। इसी तरह पंपिंग स्टेशन तथा चेंबर का कार्य भी बाकी है। कार्य की गति धीमी होने से आमजन को परेशानी हो रही है। एक जगह पर 15-15 दिन मटेरियल ड प कर कार्य नहीं किया जाता। निरीक्षण के दौरान इंवेंटरी चैक की गई तो वहां पर कार्य पूर्ण करने हेतु पर्याप्त मात्रा में रॉ मटेरियल भी नहीं मिला। निरीक्षण दिनांक को कार्यस्थलों पर केवल 78 लेवर उपस्थित थी जबकि कार्य एजेंसी द्वारा रिपोर्टेड 120 थी, अनुबंध के अनुसार 250 होनी चाहिए थी। कले टर ने कार्य एजेंसी मेसर्स जयवरूड़ी इन्फ्राकॉन प्राईवेट लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक

छपारा पुलिस ने पकड़ा कंटेनर में भरकर गौकशी के लिए ले जा रहे मवेशी

छपारा यशो:-गत दिवस छपारा पुलिस ने कंटेनर में भरकर गोकशी के लिए ले जा रहे मवेशियों सहित गौ तस्करों को पकड़ा।

बताया जाता है कि मुखबिर की सूचना पर मंगलवार 30 मई को छपारा बाईपास में कंटेनर क्रमांक क्र70 तज्ञ 2423 में तीन आरोपी 36 वर्षीय राम भवन पिता दुर्गा प्रसाद मौर्या निवासी ग्राम केशवपुर थाना हुसैनगंज जिला फतेहपुर, 34 वर्षीय अब्दुल आस मोह मद पिता मोह मद शहीद खान निवासी ग्राम सफीपुर थाना बुढ़ाना जिला मुज फरनगर एवम 30 वर्षीय इसरार पिता इरफान मोह मद निवासी ग्राम तावली थाना शाहपुर जिला मुज फरनगर सभी आरोपी उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं, जिनको छपारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर छपारा बाईपास में पकड़ा मवेशियों को पिंडरई स्थित गौशाला पहुंचाया गया एवं आरोपियों के ऊपर मामला दर्ज न्यायालय में पेश किया गया। सराहनीय योगदान थाना प्रभारी सौरभ पटेल, सहायक उपनिरीक्षक पी.एन.सूर्यवंशी ,प्रधान आरक्षक जयसिंह बघेल, सैनिक श्यामसिंह ठाकुर रहे।

समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को प्रशिक्षण 2 को

मंडला यशो:- आईएफएमआईएस सॉ टवेयर में आ रही कठिनाईयों (माड्यूल ओटीसी चालान वेब पोर्टल, पेय फि सेशन, पेंशन प्रकरण, एनपीएस, हेरकी बनाना) के समाधान हेतु प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को प्रशिक्षण दिये जाने हेतु प्रशिक्षण का आयोजन जिला योजना भवन सभाकक्ष मण्डला में 2 जून 2023 (शुक्रवार) को दोपहर 2 बजे से 5 तक किया जाएगा।

अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण में संलिप्त 2 वाहन जब्त

मंडला यशो:- खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम हेतु कले टर के निर्देशानुसार खनिज विभाग मण्डला द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन तथा अवैध भण्डारण के विरुद्ध सतत् रूप से कार्यवाहियाँ की जा रही हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में विभिन्न प्राप्त शिकायतों के आधार पर 30 मई 2023 की रात्रि को तहसील मण्डला अन्तर्गत खनिज रेत के 2 ट्रे टर वाहन क्रमांक क्रमशः पावर ट्रेक बिना नंबर नीला रंग एवं महिन्द्रा बिना नंबर लाल रंग को खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन की गतिविधि में संलिप्त पाए जाने के कारण जब्त किया गया। उक्त संलिप्त दोनों वाहनों को जब्त कर शासकीय अभिरक्षा में थाना प्रभारी कोतवाली मण्डला की सुपुर्दगी में दिया गया। दोनों वाहनों के विरूद्ध म0प्र0 खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत् प्रकरण दर्ज कर कले टर न्यायालय प्रेषित किया जा रहा है।

अच्छे कार्य पर पुरूस्कार, लापरवाही पर होगी कार्यवाही - डॉ. सिडाना

कले टर ने की स्कूल शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा

मंडला यशो:- स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि नवीन शिक्षा सत्र के पूर्व सभी शाला भवनों को शैक्षणिक दृष्टि से बेहतर बनाएं। प्रवेश उत्सव के पूर्व शाला भवनों की मर मत तथा रंगाई-पुताई का कार्य कराएं। कले टर ने कहा कि जिन शालाओं में मर मत तथा वाटरप्रूफिंग का कार्य जारी है उन्हें 15 जून के पूर्व पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इस संबंध में आगामी 20 दिवस विशेष अभियान संचालित करें। उन्होंने शाला भवन निर्माण, मर मत, वाटरप्रूफिंग सहित अन्य कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

कले टर ने कहा कि कार्य कराते समय ध्यान रखें कि आगामी समय में होने वाले चुनावों में शाला भवनों पर मतदान केन्द्र भी बनाए जाने हैं। इस दृष्टि से सभी शाला भवनों में बिजली, पानी, रैप, समुचित प्रकाश सहित अन्य न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। जर्जर शाला भवनों को नियमानुसार तोड़ने की कार्यवाही करें। डॉ. सिडाना ने कहा कि निर्माण तथा अकादमिक क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारी पुरूस्कृत किए जाएंगे। वहीं लापरवाह कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। कले टर ने निर्माण तथा मर मत कार्यों की विकासखंडवार समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग के जिला तथा विकासखंड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे।

शालाओं को अकादमिक रूप से सक्षम बनाएं

बैठक में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि सभी शाला भवनों को आकर्षक रंग-रोंगन के साथ-साथ अकादमिक रूप से भी सक्षम बनाएं। पाठ्यक्रम आधारित

पेंटिंग कराएं। महापुरूषों की फोटो बनवाएं। शालाओं में माँ की बगिया विकसित करते हुए न्यूट्रीशियन्स पौधे लगवाएं। इस संबंध में उन्होंने मनरेगा के तहत करने के निर्देश दिए।

1963 नवीन किसान क्रेडिट कार्ड बनाये गये

मंडला यशो:- म.प्र. शासन द्वारा मु यमंत्री जनसेवा अभियान 2.0 स पूर्ण प्रदेश में पुनः चालू किया गया है, जिसमें कले टर एवं प्रशासक डॉ. सलोनी सिडाना के निर्देशन में जिले की समितियों द्वारा जिले के कृषकों से लगातार स पर्क कर 1963 नवीन किसान क्रेडिट कार्ड बनाये गये हैं। साथ ही 29930 कृषकों की वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिये रूपये 368.75 करोड़ की साख सीमा का नवीनीकरण किया गया है। मु यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना 2023 में भी मण्डला जिले के 12631 कृषकों द्वारा ब्याज माफी हेतु आवदेन किये गये हैं, जिसमें से 12556 कृषकों का डेटा पंच किया जा चुका है, जिसमें 12.84 करोड़ रूपये कृषकों को ब्याज के रूप में माफहोगा तथा कृषक डिफाल्टर की श्रेणी से बाहर हो जाएंगे।

गुरुकुल संस्कृति युवा चरित्र निर्माण शिविर का समापन

मंडला यशो:- काशी विश्वनाथ सैयाम और मंडला से पूर्व राज्यसभा गुरुकुल कालवा जींद हरियाणा से आचार्य राजेंद्र महाराज , उत्तर प्रदेश गुरुकुल से आचार्य कुलदीप, आचार्य राजेश होशंगाबाद, गुरुकुल से

वैदिक गुरुकुल जिलहरी घाट गाजीपुर मंडला में गुरुकुल संस्कृति युवा चरित्र निर्माण शिविर का समापन किया गया कार्यक्रम में 11 कुंडीय यज्ञ किया गया मां नर्मदा गोशाला का उद्घाटन मंडला सांसद फगन सिंह कुलस्ते द्वारा हुआ। कार्यक्रम में मंडला क्षेत्र के विधायक देव सिंह सांसद श्रीमती संपतिया उईके एवं मंडला नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाह कार्यक्रम में अनेक विद्वान ग्रामीण लोग पधारे कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी संपूर्णानंद महाराज अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता कुरुक्षेत्र हरियाणा के द्वारा की गई। कार्यक्रम में अनेक विद्वान धर्म प्रेमी सज्जन पधारे ऋतस्पति महाराज, खड़े महाराज, वानप्रस्थी धर्म मुनिजी महाराज, अंगिरा एवं अनेक विद्वान व धर्म प्रेमी शामिल हुए। मां नर्मदा गोशाला उद्घाटन के कार्यक्रम में सांसद फगन सिंह कुलस्ते द्वारा 5 लाख रुपए गुरुकुल परिवार को देने की घोषणा की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा लाठी,तलवार ,भाला प्रदर्शन वे अनेक योगिक क्रियाओ का प्रदर्शन किया गया साथ ही साथ विद्वानों द्वारा धर्म संस्कृति वेदों के बारे में बौद्धिक उपदेश किया गया। कार्यक्रम में मंडला से धर्म प्रेमी सज्जन पधारे सरपंच, भूतपूर्व सैनिक प्रेम लाल गुप्ता, संजय ठाकुर, भानु खत्री, अधिवक्ता दुर्गेश यादव, प्रेम लाल यादव, कटरा उपसरपंच दिलीप गौतम, विभु आर्य रामचंद्र आर्य महेंद्र आर्य ,पूरन सिंह ठाकुर, कटरा से डॉ मुकेश मौर्य, डॉ विकास राय महाराजपुर, डॉ नील सिंह महाराजपुर, वकील अजय शर्मा डॉ प्रीति मौर्या, डॉ श्वेतल राय, नूपुर डोंगसरे पधारे कार्यक्रम की समाप्ति काशी विश्वनाथ वैदिक गुरुकुल के संचालक आचार्य भीम देव महाराज के उद्घोधन द्वारा की गई।

वृद्ध की शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्यवाही

मंडला यशो:- 20 मई को शाम पन्ना लाल पिता अमरसिंह जाति गोंड जो कि ग्राम देवरीकला बबलिया से ट्रे टर में सेंटिंग बाल्ली लेकर अपने घर ग्राम गाडादेवरी में टे टर से बाल्ली खाली कर रहे थे उसी समय उसके साथ हि मीलाल था अचानक आ कर के शिवराम पिता तबलसिंह के द्वारा पन्ना लाल को उठाकर के पत्थर उपर पटक दिया साथ ही वही पडा पत्थर उठाया और सिर पे पत्थर पटक दिया जिससे पन्ना लाल को गं भीर चोट लग जाने से बेहोश हो गया बेहोशी हालत में उसके पैर बांध दिया हाथों को पीछे कर के बांध दिया घसीट के बेरहमी से आंगन में घसीट कर फेक दिया ।

उसी वक्त पन्ना लाल की पत्नी गोमती बाई को जान से मारने की धमकी दी गई जिससे गोमती बाई अपनी जान बचाने के लिये छिप गई ग भीर हालत में अपने पति पन्ना लाल की मदद नहीं कर सकी प्रत्यक्ष दर्शी पन्ना लाल के द्वारा बताया गया है कि अचेत अवस्था मे ंआगंन में पडा रहा जब मुझे होश आया तो मेंने पैर के बंधन को अंगुठे और ऐडी के सहारे से परेशान होकर बडे मुशिकिल से पैर छोड पाया मेंरा सिंर से खून बह रहा था आंगन में खून का थक्का जमां हुआ था ।

मै धीरे से उठा धीरे धीरे बस स्टैंड देवरीकला बबलिया बाबूलाल यादव के घर पंहुचा और में आवाज लगाय बाबू उठो मुझे ब.चाओ 100 न बर डायल करों निवास पहुचा दो उस समय लगभग रात्रि के लगभग 10:30 से 11बजे के बीच बाबूलाल यादव ने 100 न बर डायल करके पुलिस बुलवाया पुलिस पहुंची बस स्टैंड बबलिया पुलिस ने पीछे हाथ बधें हुए थे जिससे 100 न बर डायल में आये आरकक्ष ने पीछे हाथ बंधे छोडा और मौके की फोटो लिया इसेक बाद ग भीर हालत में निवास अस्पताल भर्ती कराया गया इसके पश्चात निवास डा ने जबलपुर रेफर कर दिया जबलपुर में डा साहनी के देखरेख में इलाज चल रहा है पन्ना लाल के पुत्र प्रताप सिंह ने बताया कि निवास पुलिस की कार्यवाही कछुए के चाल में चल रही है 9 दिन बीत जाने के बाद भी अपराधी सीना तान के धमकी दे रहा है कितु हाफ्फमडर के बाद भी प्रकरण पंजीबध कर जेल नहीं भेजा गया जिला इस ओर ध्यान दें।

राज्य पुरूष हॉकी अकादमी में प्रतिभा चयन 02 जून को

सिवनी यशो:- संचालनालय खेल और युवा कल्याण म.प्र. भोपाल के निर्देषानुसार म.प्र. राज्य पुरूष हॉकी अकादमी में खिलाड़ियों के प्रतिभा चयन हेतु वर्ष 2023-24 में प्रवेष हेतु कार्यक्रम पुलिस लाईन मैदान सिवनी में दिनांक 02 एवं 03 जून, 2023 को आयोजित किया जा रहा है। दिनांक 02 जून, 2023 को खिलाड़ी अपरान्ह 03:00 बजे पुलिस लाईन मैदान सिवनी में पहुंचकर अपना पंजीयन करवा सकते हैं। पंजीयन उपरांत खिलाड़ियों का प्रतिभा चयन कार्यक्रम प्रारंभ कर दिया जावेगा। प्रतिभा चयन कार्यक्रम में बालकों की उम्र 12 से 18 वर्ष होनी चाहिए। आयु की गणना 01.01.2023 को आधार मानकर की जावेगी। उक्त प्रतिभा चयन कार्यक्रम में सिवनी, छिंदवाड़ा एवं बालाघाट जिले के हॉकी खिलाड़ी भी शामिल हो सकते हैं।

कृष्ण कुमार चौरसिया जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि प्रतिभा चयन में शामिल होने वाले पुरूष हॉकी खिलाड़ी को अपने साथ जन्म प्रमाण पत्र या अंकसूची, स्वयं का आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र की स्व प्रमाणित छायाप्रति लेकर आना अनिवार्य है। अधिक जानकारी हेतु हॉकी खिलाड़ी हॉकी कोच श्री फैजल खान मो. नं. 8839841553 से स पर्क कर सकते हैं।

प्रतिभा चयन भोपाल से आने वाले मोह. समीर दाद उच्च तकनीकी, मु य प्रषिक्षक सह सलाहकार, श्री लोकेन्द्र शर्मा उच्च तकनीकी, प्रषिक्षक सह सलाहकार, डॉ. हबीब हसन हॉकी प्रषिक्षक के द्वारा किया जावेगा।

प्रतिभा चयन में सम्मिलित होने वाले पुरूष हॉकी खिलाड़ियों को आने-जाने का किराया एवं आवास, भोजन व्यवस्था स्वयं करनी होगी। जिला खेल अधिकारी ने अधिक से अधिक पुरूष हॉकी खिलाड़ियों से प्रतिभा चयन में शामिल होने की अपील की है।

पुष्पेन्द्र अहके को अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिछिया का अतिरिक्त प्रभार

मंडला यशो:- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिछिया सुश्री सर्जना यादव के अवकाश में होने के फलस्वरूप अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मण्डला पुष्पेन्द्र अहके को अपने कार्य के साथ-साथ आगामी आदेश पर्यन्त अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिछिया का कार्य संपादित करने आदेशित किया है।

विशेष जनसंपर्क अभियान की लोकसभा स्तरीय बैठक संपन्न

केन्द्रीय मंत्री कुलस्ते सहित लोकसभा क्षेत्र के पदाधिकारी हुए शामिल

मंडला यशो:- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भाजपा सरकार अपने 9 वर्ष पूर्ण कर रही है। इस अवसर पर 30 मई से 30 जून तक संपूर्ण लोकसभा क्षेत्र में विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जायेगा। लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभाओं में एवं बूथ स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। अभियान को लोकव्यापी बनाने भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में केंद्रीय इस्पात व ग्रामीण विकास राज्यमंत्री मण्डला सांसद फगनसिंह कुलस्ते की उपस्थिति में लोकसभा स्तरीय बैठक संपन्न हुई

जिसमें लोकसभा क्षेत्र के सभी 8 विधानसभा में केंद्रीय नेतृत्व द्वारा दिये गये कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए प्रभारी, सहप्रभारी सहित अभियान समिति की टीम गठित कर जि मेदारी तय की गयी। बैठक में केन्द्रीय इस्पात व ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फगनसिंह कुलस्ते जिला प्रभारी आशीष दुबे, श्रीमति अश्विनी परांजपे, विधायक देवसिंह सैयाम, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, डिण्डोरी भाजपा जिलाध्यक्ष अवधराज बिलैया, जिला महामंत्री भगवती श्रीधर, नीरज मरकाम, सुधीर कसार, पारस असरानी, सुषमा मिश्रा, ज्ञानदीप त्रिपाठी, रतनसिंह ठाकुर, संतोष दुबे, कृष्ण कुमार चौकसे, आशीष गोलहानी, डॉ हरगोविंदसिंह पटेल, नंदकिशोर ठाकुर, जयसिंह मरावी, बद्री प्रसाद साहू, दुर्गेश साहू, संतोष दुबे उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297